Selective High School and
Opportunity Class Entry Changes for 2023
Frequently asked questions

2023 के लिए चयनात्मक (सेलेक्टिव) हाई स्कूल और सुअवसर कक्षा प्रवेश (ओपोर्चुनिटी क्लास एंट्री) में परिवर्तन

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

मुझे कैसी रिपोर्ट मिलेगी?

- माता-पिता को एक प्रदर्शन रिपोर्ट (Performance report) प्राप्त होगी जो उसी वर्ष परीक्षा में बैठने वाले अन्य विद्यार्थियों की तुलना में उनकी संतान के कार्य-प्रदर्शन की बेहतर समझ प्रदान करेगी।
- परीक्षा के प्रत्येक भाग के लिए, रिपोर्ट से पता चलता है कि आपकी संतान ने चार बैंडों में से कौन सा बैंड प्राप्त किया:
  - सर्वश्रेष्ठ 10% परीक्षार्थी
  - अगले 15% परीक्षार्थी
  - अगले 25% परीक्षार्थी
  - निम्नतम 50% परीक्षार्थी
- प्रदर्शन रिपोर्ट किसी भी परीक्षा भाग के लिए एक बच्चे द्वारा प्राप्त किए गए सही उत्तरों का प्रतिशत नहीं दिखाती है। यह दिखाती है कि अन्य कितने विद्यार्थियों ने उसी सीमा के भीतर प्रदर्शन किया है। प्रदर्शन रिपोर्ट विक्टोरियन चयनात्मक हाई स्कूल परीक्षा और राष्ट्रीय मूल्यांकन कार्यक्रम – लिटरेसी (साक्षरता) और न्यूमरेसी (संख्यात्मकता) (NAPLAN) के लिए परीक्षण परिणाम रिपोर्ट किए जाने के अनुरूप है।
- विभाग ने नई रिपोर्ट के संबंध में सहयोग (इनपुट) एकत्र करने के लिए राज्य भर में विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि वाले लोगों सहित विभिन्न समुदाय के सदस्यों के साथ परामर्श किया। परामर्श में भाग लेने वाले समुदाय के सदस्य नई रिपोर्ट से संतुष्ट थे क्योंकि यह इस बात का एक बेहतर चित्रण करती और संकेत देती है कि उनकी संतान ने परीक्षा में कैसा प्रदर्शन किया।

मैं अपने संतान का टेस्ट स्कोर (प्राप्तांक) प्राप्त क्यों नहीं कर सकता/ती हूँ?

- माता-पिता, विद्यार्थियों और स्कूलों ने स्कोर के उनके इच्छित उद्देश्य से परे रिपोर्ट और प्रयोग किए जाने को लेकर विद्यार्थियों की भलाई और गोपनीयता पर चिंता प्रगट की है जिसमें विद्यार्थियों के बीच हानिकारक प्रतियोगिता भी शामिल है।
- प्लेसमेंट परीक्षण एक विशिष्ट उद्देश्य के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। उन विद्यार्थियों की पहचान करना जिन्हें सुअवसर कक्षा या चयनात्मक हाई स्कूल में प्लेसमेंट से लाभ मिलेगा।
- प्रश्न स्कूल पाठ्यक्रम के ज्ञान को नहीं मापते हैं, बल्कि समस्या समाधान और विवेचनात्मक सोच क्षमता को मापते हैं, और इसलिए इसका उपयोग ऐसे पाठ्यक्रम क्षेत्रों की पहचान करने के लिए नैदानिक उपकरण के रूप में नहीं किया जा सकता है जहाँ बच्चे सुधार कर सकते हैं।

विभाग न्यूनतम प्रवेश स्कोर क्यों प्रकाशित नहीं करता है?

- सुअवसर कक्षाओं या चयनात्मक हाई स्कूलों के लिए कोई न्यूनतम प्रवेश स्कोर नहीं है। ऑफर प्राप्त करने के लिए आवश्यक स्कोर में हर साल बदलाव होता रहता है।
- एक प्रस्ताव (ऑफर) प्राप्त करने के लिए आवश्यक परीक्षण प्रदर्शन का स्तर प्रत्येक स्कूल के लिए आवेदनों की संख्या, उस स्कूल के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के प्रदर्शन और उस स्कूल के प्रस्ताव को अस्वीकार करने वाले परिवारों की संख्या से निर्धारित होता है।
- ये सभी कारक वार्षिक आधार पर बदलते रहते हैं इसलिए पिछले अंकों का संदर्भ करना स्कूल के चुनाव का एक विश्वसनीय या अनुशंसित तरीका नहीं है।

मैं अपनी संतान के परिणाम के लिए अपील कैसे कर सकता/ती हूँ ?

- अपील के लिए या परिणाम जाँच का अनुरोध करने के लिए सीमित आधार हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया परिणाम पूछताछ और अपील (Result enquiry and appeals) पर जाएँ।

इक्विटी प्लेसमेंट मॉडल क्या है?

- हमारे नए इक्विटी प्लेसमेंट मॉडल के अंतर्गत प्रत्येक चयनात्मक हाई स्कूल और सुअवसर कक्षा में अधिकतम 20 प्रतिशत विद्यार्थियों के स्थानों को चार कम-प्रतिनिधित्व वाले इक्विटी समूहों (निम्न सामाजिक-शैक्षिक समुदायों के विद्यार्थी, आदिवासी [एबोरिजनल] विद्यार्थी, ग्रामीण और क्षेत्रीय स्थानों के विद्यार्थी और विकलांग विद्यार्थी) के लिए निर्धारित किया जाएगा।
- इक्विटी प्लेसमेंट मॉडल के अंतर्गत प्रवेश करने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए फिर भी चयन परीक्षा में बैठना आवश्यक होता है और उन्हें एक समान शैक्षणिक मानक (आमतौर पर अन्य सफल प्रवेशकों के 10 प्रतिशत के भीतर) होने की आवश्यकता को पूरा करना होता है।
- अन्य स्कूल प्रणालियाँ और सभी ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालय (सिडनी विश्वविद्यालय, न्यू साउथ वेल्स विश्वविद्यालय और विक्टोरिया में सार्वजनिक चयनात्मक हाई स्कूल) भी इक्विटी एक्सेस योजनाओं को संचालित करते हैं।
- वर्तमान चयनात्मक हाई स्कूल प्रक्रिया में, 4,200 से अधिक विद्यार्थियों में से 369 स्थानों की पेशकश इक्विटी समूह के विद्यार्थियों को की गई है।
- इक्विटी प्लेसमेंट मॉडल (Equity Placement Model), चयनात्मक शिक्षा पहुंच की समीक्षा (Review of Selective Education Access) और प्लेसमेंट परिणाम (Outcome) के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया विभाग की वेबसाइट देखें।

टेलीफोन दुभाषिया सेवा

यदि आपको अधिक जानकारी की आवश्यकता है तो कृपया 1300 880 367 पर हाई परफॉरमेंस स्टूडेंट्स टीम (उच्च प्रदर्शन विद्यार्थी टीम) से संपर्क करें। यदि आपको अपनी पूछताछ में सहायता के लिए एक दुभाषिए की आवश्यकता है, तो कृपया 131 450 पर टेलीफोन दुभाषिया सेवा को फ़ोन करें, ऑपरेटर को वह भाषा बताये जो आपको चाहिए और वह फोन नंबर जिसपर आप बात करना चाहते/ती हैं। आपकी बातचीत में सहायता के लिए ऑपरेटर नंबर पर फ़ोन करेगा और लाइन पर एक दुभाषिए को कनेक्ट करेगा। आपसे इस सेवा के लिए शुल्क नहीं लिया जाएगा।